91

बिहार सरकार

शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

Office District Education Officer, Madhepura

(Bihar Education Project)
First Floor, OBC Hostal, SNPM +2 School
Madhepura-852113
Phone & Fax: 06476-222895, e-mail: bepmadhepura@gmail.com
WEBSITE:-www.bepmadhepura.in

Notice Inviting Quotations for supply of Printed Question Paper-cum-Answer Sheet for Annual Evaluation 2017-18

Sealed quotations are invited from reputed/experienced firms/agencies for the Printing of Question Paper - cum - Answer Sheet as per following specifications:-

S.l.	Item	specifications
1	Printing of Question Paper - cum - Answer Sheet	• A 3Size (297 mm X 420 mm) 70 GSM • Both side black & white Printing • Class wise and subject wise covered seperate Bundling of 500-500 Question Paper - cum - Answer Sheet

Detailed separate bid documents for the the above packages may be obtained form the Accounts Officer on any working day upto 17-02-2018. The bid documents may also be downloaded from our web-site **www.bepmadhepura.in Or madhepura.bih.nic.in**

Bid documents sealed in separate covers and marked as **"Part-I Technical Proposal"** and **"Part-II Finacial Proposal"** must be send through registered post, on or before 17-02-2018. All sealed quotations received upto 17-02-2018 before stipulated time will be opened in the office at 03:00 PM on 19-02-2018. the bidders or their representatives who choose to be present.

23-01-18
District Programme Officer
EE & SSA, Madhepura

23/01/18
District Education Officer
Madhepura

कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधेपुरा

(बिहार शिक्षा परियोजना, मधेपुरा)

प्रथम तल, ओ0बी0सी0 हॉस्टल, शिवनंदन प्रसाद मंडल इंटरस्तरीय विद्यालय,

मधेपुरा–852113

वार्षिक मूल्यांकन मार्च–2018 के प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका के मुद्रण हेतु निविदा प्रपत्र

राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, पटना के पत्रांक–283, दिनांक–17.01.2018 के आलोक में मधेपुरा जिले के सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त प्रारंभिक विद्यालयों के कक्षा I से VIII में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं का वार्षिक मूल्यांकन कराया जाना है। इस हेतु वर्ग I से VIII के लगभग 394000 छात्र–छात्राओं (प्रखंड से मांग पत्र प्राप्त होने पर घट या बढ़ सकता है) के लिए सभी विषयों का अलग–अलग प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका के मुद्रण की आवश्यकता है।

अतएव, मुद्रण हेतु निबंधित, योग्य एवं वित्तीय रूप से सुदृढ़ मुद्रकों से दिनांक–17.02.2018 तक अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से निर्धारित प्रपत्र में सभी वांछित प्रमाण–पत्रों अथवा अभिलेखों के साथ तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा (पैकेजवार अलग–अलग) अलग–अलग सीलबंद लिफाफे में **मात्र निबंधित डाक** के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 19.02.2018 को अपराह्न 3.00 बजे क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी जिसमें निविदादाता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

प्रश्न पत्र–सह–उत्तरपुस्तिका की विशिष्टियाँ :–

1.	कागज का साइज	A 3साइज (297 mm X 420 mm) 70 GSM
2.	संख्या	394000 छात्र–छात्राओं के लिए
3.	पृष्ठों की संख्या	01 पेज दोनों तरफ ब्लैक एण्ड व्हाइट मुद्रण
4.	पैकेटिंग	वर्गवार एवं विषयवार हिन्दी माध्यम एवं उर्दू माध्यम (जहाँ लागू हो) के 500–500 प्रश्न पत्र–सह–उत्तरपुस्तिका का अलग–अलग बंडल बनाया जाएगा तथा बंडल के ऊपर वर्ग का नाम, विषय एवं माध्यम का नाम एवं "वार्षिक मूल्यांकन, 2017–18" बोल्ड अक्षरों में मुद्रित रहेगा। बंडल इस तरह तैयार किया जाएगा जिससे कि बंडल के अंदर का प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका ढुलाई के क्रम में नष्ट न हो।

निविदादाता के लिए शर्त्त एवं उपबंध :–

1. निविदादाता का मुद्रण एवं बाईडिंग से संबंधित वेभ ऑफसेट मशीन, अन्य सभी आवश्यक मशीनें, प्री–प्रेस सिस्टम एवं बाईडिंग सिस्टम से सुसज्जित इकाई बिहार में कार्यरत होना चाहिए।
2. निविदादाता को प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका के मुद्रण से संबंधित कार्य का कम से कम दो वर्षो का अनुभव होना चाहिए।
3. निविदादाता का प्रेस बिहार राज्य के वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी.) से निबंधित होना चाहिए एवं जी.एस.टी. जमा करने की अद्यतन विवरणी संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. निविदादाता का औसत वार्षिक टर्नओवर पिछले तीन वर्षों यथा – 2014–15, 2015–16 एवं 2016–17 में कम से कम बीस लाख रुपये प्रति वर्ष होना चाहिए।

24/1/18 24-01-18

5. निविदा के साथ चालीस हजार रुपये का राष्ट्रीयकृत बैंक का ड्राफ्ट अग्रधन के रूप में देना होगा। ड्राफ्ट बिहार शिक्षा परियोजना, मधेपुरा के नाम से होना चाहिए, जो मधेपुरा में भुगतेय हो।

6. निविदादाता का प्रेस किसी भी सरकारी/अर्द्धसरकारी या गैर सरकारी संस्थान के द्वारा काली सूची में नहीं डाला गया हो एवं किसी भी तरह का केस–मुकदमा में लिप्त/लंबित न हो। इस हेतु उनका चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

7. निविदा द्विलिफाफा प्रणाली के अंतर्गत तकनीकी और वित्तीय निविदा के रूप में अलग–अलग लिफाफे में उसके ऊपर तकनीकी/वित्तीय अंकित कर देना होगा।

तकनीकी निविदा

निविदादाता के द्वारा एक तकनीकी निविदा निर्धारित प्रपत्र **T I** में आवश्यक सूचनाओं के साथ निम्नांकित कागजात संलग्न करके निर्धारित तिथि तक समर्पित करना आवश्यक होगा :–

(क) पिछले तीन वर्षों यथा – 2014–15, 2015–16 एवं 2016–17 का अंकेक्षित वैलंस सीट, जिससे वार्षिक टर्न ओवर परिलक्षित हो, की प्रति।

(ख) पिछले तीन वर्षों यथा– 2014–15, 2015–16 एवं 2016–17 का ऑडिट रिपोर्ट की प्रति।

(ग) पिछले तीन वर्षों यथा – 2014–15, 2015–16 एवं 2016–17 का आयकर रिर्टन की प्रति।

(घ) राज्य के वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी.) से निबंधित होने संबंधित निबंधन प्रमाण पत्र।

(ड.) प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका के मुद्रण से संबंधित कार्य का कम से कम दो वर्षो का अनुभव का प्रमाण पत्र।

(च) निविदादाता के पास वेभ ऑफसेट एवं अन्य मशीनें, प्री–प्रेस एवं बाईंडिंग की सभी सुविधाएँ उपलब्ध होने का प्रमाण पत्र।

(छ) निविदादाता का बिहार में इकाई कार्यरत होने (Total Staff Strength) का प्रमाण पत्र।

(ज) अग्रधन के रूप में चालीस हजार रूपये का बैंक ड्राफ्ट।

(झ) निविदादाता का प्रेस किसी भी सरकारी/अर्द्धसरकारी या गैर सरकारी संस्थान के द्वारा काली सूची में नहीं डाला गया हो एवं किसी भी तरह का केस–मुकदमा में लिप्त/लंबित न होने संबंधित नोटराईज्ड एफिडेविट शपथ पत्र।

(ञ) प्रश्न पत्र–सह उत्तर पुस्तिका के निर्माण एवं पैकेटिंग/बंडलिंग में प्रयुक्त कागज/सामग्री का नमूना, साईज, GSM एवं पेपर मिल का नाम आदि स्पष्ट रूप से अंकित करते हुए संलग्न होना चाहिए।

(ट) निविदादाताओं के द्वारा सभी कागजात स्वअभिप्रमाणित करके जमा किये गये जाएगें।

वित्तीय निविदा

(क) निविदादाता के द्वारा वित्तीय निविदा निर्धारित प्रपत्र F I में निर्धारित तिथि तक समर्पित करना आवश्यक होगा।

(ख) वित्तीय निविदा के लिफाफा के ऊपर सामग्री का विवरण स्पष्ट अंकित होना चाहिए।

(ग) वित्तीय निविदा में सभी कर एवं प्रखंड संसाधन केन्द्र कार्यालय तक परिवहन खर्च सहित प्रति इकाई का दर अंकित होना चाहिए।

(घ) तकनीकी रूप से सफल निविदादाता का ही वित्तीय निविदा खोला जाएगा।

(ड.) वित्तीय निविदा के मूल्यांकन के आधार पर न्यूनतम दर वाले निविदादाता/निविदादाताओं को कार्य आवंटित किया जाएगा।

24/1/18 24-01-18

अन्य शर्त्त/उपबंध

1. तकनीकी निविदा के साथ जमा किए गए कागजातों/प्रमाणों की भौतिक/स्थल सत्यापन करने के लिए बिहार शिक्षा परियोजना मधेपुरा स्वतंत्र होगा।
2. अंतिम रूप से चयनित फर्म/एजेन्सी को क्रय आदेश की प्रति बिहार शिक्षा परियोजना मधेपुरा के कार्यालय से प्राप्त कर निदेशानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करना होगा।
3. मुद्रण/निर्माण से संबंधित सभी सामग्री एवं कार्य की व्यवस्था निविदादाता को अपने स्तर से करना होगा, जिसके लिए अलग से कोई अतिरिक्त राशि अथवा अग्रिम राशि देय नहीं होगा।
4. निविदादाता को कार्य आवंटन के सात दिनों के अंदर कार्यादेश की कुल राशि के 5 प्रतिशत राशि का किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के द्वारा बिहार शिक्षा परियोजना मधेपुरा के नाम से निर्गत एवं 12 माह के लिए वैध बैंक गारंटी को परफोरमेंश सिक्यूरिटी के रूप में जमा करके अनुबंध करना आवश्यक होगा। विलम्ब की स्थिति में कार्यादेश स्वतः रद्द माना जाएगा।
5. उपर्युक्त सभी शर्तों एवं उपबन्धों का पालन किया जाना अनिवार्य होगा। किसी एक भी शर्त्त/उपबंध को किसी समय पूरा नहीं करने की स्थिति में दिए गए कार्यादेश/निविदा को रद्द करते हुए निविदादाता के अग्रद्यन की राशि एवं बैंक गारंटी को जब्त करते हुए उनके विरूद्ध कार्रवाई के लिए बिहार शिक्षा परियोजना, मधेपुरा स्वतंत्र होगा।
6. निविदादाता के द्वारा क्रय आदेश के आलोक में प्रखंड संसाधन केन्द्र कार्यालय को निर्धारित तिथि तक सामग्री उपलब्ध कराया जाएगा। प्रखंड संसाधन केन्द्र कार्यालय से सामग्री आपूर्ति का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के उपरांत पूर्ण विपत्र का 75 प्रतिशत राशि भुगतान की जाएगी। शेष राशि मात्रा का सत्यापन एवं गुणवत्ता जांच के पश्चात भुगतान किया जायेगा।
7. मुद्रित प्रतियाँ/सामग्री निर्धारित गुणवत्ता का नहीं पाये जाने/मुद्रण में त्रुटि/अस्पष्टता रहने, मजबूत बाईडिंग नहीं होने, मुद्रित सामग्री ससमय आपूर्ति नहीं करने/निविदा शर्त्तों से विचलन आदि की स्थिति में शेष राशि से यथोचित राशि अथवा 10 प्रतिशत तक की राशि की कटौती एवं निविदादाता के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई के लिए बिहार शिक्षा परियोजना, मधेपुरा स्वतंत्र होगा।
8. निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकृत/रद्द करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
9. यह निविदा में निर्धारित दर एक वर्ष के लिए मान्य होगा।

24/1/18
(गिरीश कुमार)
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
प्रा0शि0 एवं सर्व शिक्षा अभियान
मधेपुरा

24/1/18
(उग्रेश प्रसाद मंडल)
जिला शिक्षा पदाधिकारी
मधेपुरा

24/1/18

ANNEXURE - T I

BIHAR EDUCATION PROJECT Madhepura

OBC HOSTAL, SNPM SCHOOL, MADHEPURA-852113

Format for Technical Bid

SL.NO.	PARTICULARS	RESPONSE OF BIDDER	REFER (in case of attached paper or proof) PAGE NO ------ TO -----
1	Name of the Firm & Owner (With Tel./Mob. No.		
2	Office Address with Tel./Fax/Mob. Nos		
3	Press Address with Tel./Fax/Mob. Nos		
4	Contact Person(s) Name, Address with Tel./Fax/Mob. Nos		
5	Annual Turnover (Please attached Proof)	2014-15 2015-16 2016-17	
6	Annual Auditted Report (Please attached Proof)	2014-15 2015-16 2016-17	
7	Annual ITR Report (Please attached Proof)	2014-15 2015-16 2016-17	
8	PAN No. (Please attached Proof)		
9	GST No. (Please attached Proof)		
10	Work Experience (in years) (Please attached Proof)		
11	Make/Model of Printing and other machines available		
12	Total Staff strength of Bidder		
13	Details of Earnest Money Deposit	DD No. Date	
14	Affadavit regarding not involved in any case or blacklisted		

Date:

Signature of Bidder

ANNEXURE - F I

BIHAR EDUCATION PROJECT Madhepura

OBC HOSTAL, SNPM SCHOOL, MADHEPURA-852113

Format for Financial Bid

Printing and Supply of Question Paper - cum - Answer Sheet.

SL.NO.	NAME OF DISTRICT	Rate per Question Paper - cum - Answer Sheet (Rs.)	REMARKS
1			

1. We agree to supply the above mentioned items @ Rs. ---------- (in words Rs.----------) including all Taxes, Transportation etc. in accordance with the technical specification within ..... days of the issue of work order.

2. We also confirm that the normal commercial warrantee/guarantee of 3 days shall apply to the offered goods and services.

3. We also agree and abide with the terms and conditions stipulated in the bid document.

Signature of Bidder